प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 09.02.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–ये देश का भाजपा की डबल इंजन सरकार पर भरोसा।
- प्रयागराज में राजस्थान मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले–देवस्थान के मंदिरों में भोग के लिये राशि और अंशकालीन पुजारियों का मानदेय बढ़ाया।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कोटा में हैल्थ कार्निवल वॉक ओ रन को रवाना किया कहा–दौड़ में जीतने वालो को संसद का भ्रमण कराया जायेगा।
- विश्व प्रसिद्ध मरू महोत्सव की आज से जैसलमेर में शुरूआत।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे देश का भाजपा की डबल इंजन सरकार पर भरोसे का संकेत हैं। कल नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि दिल्ली को अब विश्व स्तरीय शहरी बुनियादी ढांचा मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सिर्फ एक शहर नहीं है बल्कि एक छोटा भारत है जो 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के विचार को जीता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत को ऐतिहासिक बताया। श्री मोदी ने कहा कि यह सुशासन की जीत है।

-----

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली में भाजपा की जीत पर कहा कि डबल इंजन की सरकार से अब दिल्ली का चंहुमुखी विकास होगा।

------

दिल्ली में भाजपा की जीत पर जयपुर में भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी अध्यक्ष मदन राठौड के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई और आतिशबाजी की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे भी इसमें शामिल हुई। श्री राठौड ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दिल्ली की जनता ने झूठे वादे करने वालो को कडा जवाब दिया है। उधर_ अजमेर, अलवर, पाली, करौली और भीलवाड़ा सहित कई स्थानों पर भाजपा कार्यकर्तओं ने आतिशबाजी कर और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। दिल्ली में 27 सालों के बाद भारतीय जनता पार्टी फिर सरकार बनाने जा रही है। विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंण्ड जीत मिली है। **70** सीटों में से भाजपा ने 48 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं आम आदमी पार्टी को 22 सीटों पर जीत मिली है। इन चुनावों में कांग्रेस अपना खाता नही खोल पाई।

000000

और अब महाकुंभ से जुडी खबरें–

महाकुंभ में संगम स्थल पर स्नान करने के बाद मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल प्रयागराज में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक की। बैठक में देवस्थान विभाग से जुडे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। इसमें मंदिरों की भोगराग की राशि दुगनी कर 3 हजार रूपये प्रति मंदिर प्रतिमाह और अंशकालीन पुजारियों का मानदेय पांच हजार से बढाकर सात हजार पांच सौ रूपये प्रतिमाह किये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही राज्य और राज्य के बाहर स्थित देवस्थान विभाग के मंदिरों के जीर्णोद्धार और विकास कार्यो के लिए 101 करोड़ रूपये की राशि भी स्वीकृत की गई है।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने राजस्थान मंडप में संतो के साथ चर्चा की और साधू संतों का सम्मान भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं को भोजन भी वितरित किया। मुख्यमंत्री का आज प्रयागराज से दोपहर में जयपुर आने का कार्यक्रम है। केन्द्र सरकार ने प्रयागराज में जारी महाकुंभ में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत 12 हजार से अधिक बुजुर्गों और दिव्यांगों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराए हैं। महाकुंभ में, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने एक पैवेलियन स्थापित किया है, जहां सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण के प्रति केंद्र सरकार की पहलों को प्रदर्शित किया गया है।

00000

केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना—पीएम अजय के लिए कल नई दिल्ली में केंद्रीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में, योजना की प्रगति की समीक्षा की गई और अनुसूचित जाति के सामाजिक—आर्थिक उत्थान के लिए कार्यनीति पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक में, राज्य के मंत्रीगण, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष, केंद्रीय वित्त, कृषि और किसान कल्याण, ग्रामीण विकास, महिला और बाल विकास मंत्रालयों तथा नीति आयोग के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

000000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कोटा के उम्मेदसिंह स्टेडियम से हैल्थ कार्निवल वॉक ओ रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस आयोजन में कोटा के हजारों शहरवासियों ने हिस्सा लिया। इस मैराथन में 21, 10 और 6 किलोमीटर की दौड का आयोजन हो रहा है। इसमें जीतने वाले प्रतिभागियों को ईनाम दिये जायेंगे। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री बिरला ने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली के लिए सुबह व्यायाम और दौड बहुत आवश्यक है। उन्होंने दौड में भाग लेने वाले लोगों से अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का आग्रह किया। श्री बिरला ने कहा कि दौड में जीतने वाले लोगों को संसद का भ्रमण भी कराया जायेगा।

......

इधर अलवर में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और वन मंत्री संजय शर्मा ने आज प्रताप ऑडिटोरियम से अलवर टाइगर मैराथन का शुभारम्भ किया। मैराथन में अलवर जिले सहित देश के कई राज्यों के प्रसिद्ध धावको ने हिस्सा लिया। अलग—अलग दौड़ में करीब 8 हजार एथलीटों का रजिस्ट्रेशन हुआ है।

00000

विश्व प्रसिद्ध मरू महोत्सव आज से जैसलमेर में शरू हो रहा है। 12 फरवरी तक चलने वाले महोत्सव के दौरान लोककला, संस्कृति और परम्पराओं का प्रदर्शन किया जायेगा। महोत्सव में भाग लेने के लिए बडी संख्या में देशी विदेशी सैलानी पंहुच रहे है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा विभिन्न रोचक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जायेगी।

-------

00000

भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में वन विभाग की ओर से जल पक्षियों की गिनती की गई। गणना में करीब 38 हजार से अधिक जल पक्षियों की विभिन्न प्रजातियां पाई गई। केवलादेव उद्यान के डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि पक्षियों की संख्या, प्रवास और परिस्थितियों का विश्लेषण करने के उद्देश्य से विशेषज्ञों की टीम बनाकर गणना कराई गई।

00000